Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# मुनस्यारी व धारचूला में भारी बारिश का कहर जारी

आफत

## जगह जगह भारी भूस्खलन के चलते कई दर्जन सड़क बंद

■पहाड़ में हो रही भारी बारिश सीमांत में बनी आफत

**संवाददाता**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद व उससे जुड़ी तहसील मुंसयारी व धारचूला में भारी बारिश का कहर जारी है। बता दें कि पहाड़ों में हो रही भारी बारिश के चलते अब सीमांत जनपद की तहसीलों में जगह जगह आफत मचने के समाचार मिल रहे है।

जानकारी के मुताबिक सीमांत जपनद की तहसीलों में जगह जगह भारी भूस्खलन के चलते कई दर्जन सड़कों के बंद होने के समाचार मिल रहे है। सीमांत जनपद की तहसीलों में लोग घरों में ही कैद रहने को मजबूर हो चुके है। चीन सीमा को जोड़ने वाले तीनों मार्ग अभी भी खुलने के आसार कम ही नजर आ रहे है। जगह जगह उफनाते नाले व सड़कों में हो रहे भारी भूस्खलन के के चलते वाहनों



का हुजुम लग गया है।

भारी वर्षा के कहर के चलते अस्कोट कर्णप्रयाग मार्ग पर थल के पास एक विशालकाय चीड का पेड़ गिरने की वजह से सड़क धस गई है। धारचूला तवाघाट लिपुलेख मार्ग पर धारचूला से गर्बाधार के मध्य घटखोला,टीवी टावर,दोबाट एलागाड,चेतलकोट,तीनतोला , गस्कू,मांगती व गर्बाधार में जगह जगह चट्टानों के खसकने से मार्ग पूरी तरह से बंद हो चुका है। सीमांत तहसील मुनस्यारी के नाचनी से बांसबगड रोड पर कई जगह कई मीटर सड़क के बहने के समाचार मिले है।

इस इलाके में रात्रि दो बजे के बीच आसपास के मकानों में भारी मलबा गिरने के समाचार मिले है। परिवार के काफी शोर मचाने के बाद स्थानीय लोग मौके पर रात को इन परिवार के लोगों को राहत बचाव देने मौके पर पहुंचे। वही इन लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। जानकारी हाथ लगी है कि नाचनी कोटयूडा सुंदरी मोटर मार्गपूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। बीआरो को मार्ग खोलने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सीमांत के तहसीलों में काली व गोरी नदी का जल स्तर खतरे के निशान के उपर बह रही है। सीमांत तहसीलों में जगह जगह बंद पड़ी सड़कों के कारण सबसे ज्यादा आफत इन गांवों में बीमार पड़े लोगों व गर्भवती महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी से दो चार होना पड़ रहा है।

वही बंद पड़ी सड़कों के कारण क्षेत्र के लोगों को जान जोखिम में डालकर कई किमी पैदल चलकर आवाजाही करने को विवश होना पड़ रहा है। वही स्थानीय लोगों को गांवों में देर रात से जारी भारी बारिश के चलते भय के माहौल में रात बिताने को मजबूर होना पड़ रहा है।

## न्यूज डायरी

### सुधि संस्था के अध्यक्ष ने दूरभाष पर सांसद से पूछे सवाल

**संवाददाता** पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ की सीमांत तहसील बंगापानी व मुंसयारी व धारचूला में हुई भीषण आपदा के मामले में सुधि संस्था के अध्यक्ष डां हंसा दत भटट ने जब सांसद अजय टम्टा को फोन के माध्यम से जानकारी लेकर सवाल जवाब किये तो श्रीमान सांसद महोदय ने उनके द्वारा पूछे गये सवालों पर जवाब देते हुए कहा कि सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में हाल ही में आई आपदा के दौरान उनके द्वारा आपदा प्रभावित गांवों का दौरा कर वहां के आपदा प्रभावितों की सुध लेने के साथ मौके पर प्रभावितों को राहत सामग्री बांटने के साथ सुरक्षित स्थानों पर रखे जाने के तत्काल प्रशासन को निर्देश देने के साथ सांसद द्वारा क्षेत्र में पहुंचकर राज्य में आई भीषण आपदा से प्रभावित हुए गम्रीणों की समस्याओं को तत्काल निपटारा करने की जानकारी हंसा दत्त भटट के सवालों के जवाबो को देते हुए दी गई। सांसद अजय टम्टा ने कहा कि आपदा पीड़ितों की समस्याओं का निपटारा करना उनकी व उनकी सरकार की पहली प्राथमिकता है।

### शहीद मेजर दुर्गामल्ल के 76 वें शहीदी दिवस पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस भवन में आजाद हिंद फौज के प्रथम अमर शहीद मेजर दुर्गामल्ल के 76 वें शहीदी दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि आज हमें शहीद मेजर दुर्गामल्ल के बताये हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है और युवा पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस अवसर अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

### मास्क का उपयोग न करने पर प्रभारी तहसीलदार रूद्रपुर का चालान काटा

**संवाददाता** रूद्रपुर। अपर जिलाधिकारी जगदीश चन्द्र काण्डपाल द्वारा प्रभारी तहसीलदार रूद्रपुर का मास्क का उपयोग न करने पर दौ सौ रूपये का चालन काटा गया। अपर जिलाधिकारी ने कहा कोविड–19 संक्रमण की रोकथाम के लिये सभी अधिकारी, कर्मचारी व आम जन सामाजिक दूरी का ध्यान रखते हुये मास्क का उपयोग अवश्यक करें। उन्होंने कहा इस संक्रमण को रोकने के लिये हम अपने बचाव के साथ–साथ अन्य लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा जिला प्रशासन द्वारा संक्रमण को रोकने के लिये जहां आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं वहीं इस कार्य की रोज मानिट्रिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कहीं पर यदि कोई संक्रमित की सूचना मिलती है तो कन्ट्रोल रूम में स्थापित टेलिफोन नं.–05944–250250 पर सूचित करें।

# सालरा,बंदाऊ व राजू में मूसलाधार बारिश से फसलों को भारी नुकसान

ग्रामीणों ने नुकसान का आंकलन करनें को.एसडीएम को दिया ज्ञापन

**संवाददाता** पुरोला। मोरी प्रखंड के मोताड,बागी सालरा,बदाऊं,राजू गांव क्षेत्र में सोमवार देर सांय को को मूसलाधार बारिश—बदाऊं गाड के ऊफान से धान फसल व भू–कटाव से कृषि भूमि को भारी नुकसान व उफान से 4 गांव को जोडने वाले बदाऊं खड पर बने गाडर पुल के दोनों ओर एप्रोच दिवाल,खूंटे क्षतिग्रस्त हो गये हैं। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से भूकटाव से फसलों समेत कृषि भूमि को हुए नुकसान,पुल के खुंटों एप्रोच दिवालों की क्षति का मुआयना करनें की मांग की है।

वहीं विकास खंड पुरोला के सुदूरवर्ती सरबडियाड क्षेत्र के ग्रामीणों ने 20–21अगस्त को बडियाड क्षेत्र के गोल,छानिका व पौंटी गांव में अतिवृष्टि से भूमि कटाव व पैदल मार्गों व फसलों को हुए नुकसान का जायजा लेने व नुकसान आंकलन करनें को जांच टीम भेजने को उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी को सोमवार को ज्ञापन दिया।

सालरा गांव के प्रधान प्रमोद सिंह,सतीश सिंह व अशोक सिंह ने बताया कि सोमवार देररात को क्षेत्र में मुसलाधार बारिश व कुलनी जंगल में बादल फटने से बंदाऊ गाड में भारी उफान आने से जंहा रातभर लोग दहशत से जागते रहे वहीं चार गांव को जोडने वाले बदाऊं गाड पर बना गाडर पुल के दोनों ओर एप्रोच दीवारों व खुटें क्षतिग्रस्त होने से पुल को खतरा पैदा हो गया है,नदी उफान से खेतों में मलवा भरने फसलों को भारी नुकसान व भूकटाव से सैकड़ो हेक्टेयर कृषि भूमि बह गई है। ग्रामीणों ने बताया कि उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी से धान फसल–कृषि भूमि को हुए नुकसान,गाडर पुलिया को हुई क्षतिग्रस्त का मुआयना करनें की मांग की गई है।

# आपदाग्रस्त बडियार के लोगों ने की विस्थापन की मांग

**संवाददाता** पुरोला। बीते 20 अगस्त को बडियार क्षेत्र में बादल फटने से क्षेत्र के पौंटी,गौल,छानिका में कृषि भूमि सहित आवासीय भवनों को भारी नुकसान हुआ था,तीनों गांव के भवनों में कई जगह दरारें पड़ गयी है जो कि रहने लायक नही है तीनों गांव क्षेत्र के ग्रामीण ने मंगलवार को उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी के माध्यम जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर विस्थापित की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि 20 अगस्त को क्षेत्र में मूसलाधार बारिश हुई थी जिससे केदार गंगा, खिडकी खड्डु,कमेला खड्डु भारी उफान पर आ गये जिससे कि ग्रामीणों की कृषि भूमि के साथ हीआवासीय भवनों में दरारें पड़ गयी थी जबकि खतरे को देखते हुए ग्रामीण जंगल में व अन्यत्र रात रहने को मजबूर है। ज्ञापन में कहा गया है आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने आयी प्रशासन की टीम ने स्थलीय निरक्षण में गांव के भवनों की स्थिति को देखते हुए गांव वालों को बरसात में अन्यत्र रहने को कहा था। ज्ञापन में कहा गया है की पौंटी, गौल व छानिका आवासीय भवनो में दरारें पड़ी हुई है जो कि कभी भी हल्की बारिश से गिर सकते है।

ज्ञापन में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित से मांग की गई है कि पौंटी,छानिका व गौल गांव के लोगों की शीघ्र ही अन्यत्र विस्थापित करने उचित व्यवस्था की जाय। ग्रामीणों ने शीघ्र विस्थापन न होने पर ग्रामीण तहसील परिसर में अनशन व आंदोलन करने की चेतावनी दी।

# पिथौरागढ़ ने स्वच्छता सर्वेक्षण में अर्जित की शानदार सफलता

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

राज्य में तीसरा स्थान मिला तो देश में 58 वे पायदान पर आया सीमांत जनपद

पिथौरागढ़। केंन्द्र सरकार प्रत्येक साल जनसंख्या के हिसाब से देश के सारे शहरों में स्वच्छता का सर्वेक्षण कराती है। बता दें कि इसके तहत खुले में शौच ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व ड्रेनेज आदि का आंकलन करने के साथ सफाई को लेकर तमाम लोगों की राय को प्रमुखता दी जाती है। इन्ही आधारों पर शहरों की रैकिंग भी तय होती है। इस बार सीमांत जनपद पिथौरागढ़ ने स्वच्छता सर्वेक्षण में विशेष सफलता अर्जित की है।

बता दें कि सीमांत जनपद की नगर पालिका को पूरे प्रदेश में पचास हजार से एक लाख तक के शहरों की श्रेणी में तीसरा स्थान पाया है। शहर में वर्तमान में नगर पालिका का कुछ हद तक सफाई व्यवस्था में सराहनीय कदम उठाये जा रहे है।

केंन्द्र सरकार से जिले की नगर पालिका को स्वच्छता में सराहनीय योगदान का प्रमाण पत्र मिल चुका है। जिले की नगर पालिका द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में विशेष रूप से कार्य चला चुकी है। जिले में जैविक व अजैविक कूडे को लेकर अलग अलग तरीके से निस्तारण करने के लिए जिले की नगर पालिका पहले भी सम्मान पा



चुकी है। जिले में मुहल्ला स्वच्छता समिति के माध्यम से घर घर से कूडा एकत्र करने की विशेष तौर पर मुहिम को चलाये हुए पालिका को पांच साल से भी ज्यादा समय हो चुका है। नगर पालिका अध्यक्ष राजेन्द्र रावत ने कहा है कि जिले के लोगों की पहल व जागरूकता व जन सहयोग के कारण जनपद की नगर पालिका को आज देश में जो 58 वें नंबर व राज्य में तीसरे नंबर में आने की विशेष सफलता मिली है वह आगे भी भविष्य में जारी रहेगी।

# कौशल विकास जनपद स्तरीय कमेटी की समीक्षा बैठक आयोजित

**संवाददाता** रूद्रपुर। जिलाधिकारी रंजना राजगुरू की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में सेवायोजन विभाग, शिक्षा विभाग, पॉलिटेक्नीकल, आईटीआई, औद्योगिक संस्था के प्रतिनिधियों एवं सम्बन्धित अधिकारियों के साथ कौशल विकास जनपद स्तरीय कमेटी की समीक्षा बैठक आयोजित हुयी। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को कौशल विकास में शतप्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कौशल विकास में जो गैप आ रहा है उसे ससमय पूरा किया जाय। उन्होंने कहा अधिकारी अपनी–अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुये अधिक से अधिक शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार से जोड़े। उन्होंने औद्योगिक संस्थान के प्रतिनिधियों को उद्योगों का अध्ययन करने व स्वयं सहायता समूह के बीच में जाकर स्कील गैप का चिह्नीकरण कर उस पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।